Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a RuB/Underpass/RoB at level crossing no. 18C between Kaptanganj and Khush Hal Nagar in Maharajganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -laid.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, उ.प्र. में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में गोरखपुर-सिसवां-नरकटियागंज रेल मार्ग पर कप्तानगंज से खुशहाल नगर रेलवे स्टेशन के मध्य रेल क्रासिंग सं.-18 सी बंद होने से पचीसों गांव की आबादी को खेती-बाड़ी तथा दाह संस्कार के लिये बनाये गये स्थल तथा ऐतिहासिक खूंटा मैदान तक आने जाने मे काफी परेशानी है। क्षेत्रीय जनता ने उक्त रेलवे क्रासिंग के बदले अन्डरपास/ आरयूबी /आरओबी का निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया है। मैने भी इस रेलवे क्रासिंग के बदले अन्डरपास/ आरयूबी /आरओबी का निर्माण कराये जाने के लिये कई बार आग्रह किया है। इस रेलवे क्रासिंग के बदले अन्डरपास/ आरयूबी /आरओबी का निर्माण कराये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है।

मेरा अनुरोध है कि गोरखपुर-सिसवां-नरकटियागंज रेलमार्ग पर कप्तानगंज से खुशहाल नगर के मध्य रेल क्रासिंग सं.- 18 सी पर आरयूबी/अन्डरपास/ आरओबी का निर्माण कराने की कृपा करें।